52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 18.6°c | अधिकतम 33.0 °c

**अमृतवाणी**

प्रेमपूर्वक बोलकर किया अतिथि का सत्कार सामग्री द्वारा किए सत्कार से बहुत बढ़कर होता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:24 सूर्यास्त : 5:43 | वर्ष : 52/ अंक : 291 रविवार, 20 अक्टूबर 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

महाराष्ट्र, लोगों को रोजगार और नौकरी देता था, लेकिन भाजपाईयों ने सब चौपट कर दिया : अखिलेश यादव



तो क्या अब लोग रोजगार के लिए महाराष्ट्र से.....हिमाचल, कश्मीर या तेलंगाना जाने लगे हैं ?........















52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 291 | रविवार, 20 अक्टूबर 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये



## मीरांपुर से रालोद टिकट का इंतजार और बढ़ा

- दिल्ली में दिन भर मंथन में कई नामों पर चली चर्चा
- रालोद टिकट पर भाजपा का चेहरा भी आ सकता है

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** मीरांपुर विधानसभा उप चुनाव को लेकर रालोद प्रत्याशी के नाम को लेकर आज भी चर्चाओं का दौर जारी रहा। ऐसे में यह तो तय है कि रालोद भाजपा गठबंधन की ओर से ओबीसी प्रत्याशी आना निश्चित है। हालांकि इसके ऐलान के लिए सोमवार तक इंतजार करना पड़ेगा। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के ऐलान के बाद रालोद उम्मीदवार के नाम को लेकर आज दिन भर चर्चाओं और अफवाहों का बाजार गर्म रहा। आज रालोद टिकट पर भाजपा के चेहरे को चुनाव मैदान में उतारने को लेकर भी चर्चाएं रहीं। ऐसे में रालोद और भाजपा दोनों के नेताओं ने इस चुनाव को लेकर ताकत झोंक दी है। आज रालोद से राजपाल सैनी, मिथलेसपाल, राम निवास पाल, प्रभात तोमर और अजित राठी के नामों पर मंथन चलता रहा। सांसद चंदन चौहान की पत्नी याशिका चौहान भी दौड़ में कायम हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि अभी टिकट की औपचारिक घोषणा के लिए सोमवार का इंतजार करना पड़ेगा। दूसरी ओर बसपा में भी अभी रालोद के टिकट का इंतजार किया जा रहा है। ऐसे में बसपा के टिकट का ऐलान भी परसों या इसके बाद किसी दिन हो सकता है। इस बीच ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम से भी प्रत्याशी उतारे जाने की चर्चा है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों मुस्लिम

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में देर रात उस समय बवाल होते होते बच गया, जब बुढ़ाना के ही एक युवक अखिल त्यागी द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। उक्त टिप्पणी का विरोध मुस्लिम समाज द्वारा जमकर किया गया और

### पुलिस ने हाथों हाथ किया आरोपी युवक को गिरफ्तार

हजारों लोग कुछ ही मिनटों में सड़कों पर नारे लगाते हुए उतर गये। मगर पुलिस ने कोई लापरवाही न बरतते हुए हाथों हाथ आरोपी अखिल त्यागी को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया, उसके बावजूद भी मुस्लिम समाज का रोष देर रात तक सड़कों पर जारी रहा, देर रात में ही आला अधिकारी बुढ़ाना पहुंचे और भारी फोर्स के साथ सड़कों पर उतरे लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास करते हुए आरोपी पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है।

देर रात माहौल को गरमाता देखकर बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती सहित जिले के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। समाचार लिखे जाने तक बुढ़ाना का माहौल पूरी तरह गरमाया हुआ था और मुस्लिम समुदाय के लोग आरोपी के विरुद्ध जमकर टिप्पणियां कर रहे थे। आपको बता दें कि कुछ दिनों पूर्व भी ऐसी ही भीड़भाड़ सड़कों पर तब उतरी थी, जब हिन्दूवादी नेता यति नरसिंहानंद सरस्वती ने हजरत मौहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पथराव, आगजनी की घटनाएं सामने आई थी। इसी डर से शनिवार को आला अधिकारी बुढ़ाना हुए प्रदर्शन में एकाएक पहुंचे और पूरे



मामले को कंट्रोल करने की कोशिश की। अब देखना यह होगा कि रविवार को बुढ़ाना का माहौल कैसा रहेगा। अधिकारियों ने सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल से और नेताओं से बात कर उन्हें आश्वस्त किया कि शासन से हमारे पास फोन आ चुके हैं, ऐसे में आरोपी के साथ कोई भी रियायत नहीं बरती जायेगी। कानून व्यवस्था बहाल रखने के लिए चाहे पुलिस प्रशासन को कोई भी फैसला क्यों न लेना पड़े।

## एसपी सिटी ने सलाखों के पीछे जा चुके आरोपी का फोटो दिखाकर भीड़ को वापस घर भेजा

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** देर रात में ही साम्प्रदायिक माहौल बिगड़ने की आशंका के चलते एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत भीड़ के बीच पहुंचे और एक फोटो कॉपी जोकि आरोपी के सलाखों के पीछे की थी वह भीड़ को दिखाकर भीड़ से अपने अपने घरों को जाने की अपील की। उनकी अपील पर समाचार लिखे जाने तक भीड़ अपने अपने घरों की ओर जाती दिखाई दी मगर देर रात तक एहतियात के तौर पर पुलिस फोर्स तो वहां जमा ही रही साथ ही साथ एसपी देहात आदित्य बंसल पुलिस फोर्स के साथ शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु फ्लैग मार्च करते दिखाई दिये। देर रात तक दोबारा कोई भीड़ जुटने की सूचना नहीं मिली और पुलिस मुस्तैदी के साथ अपना काम करती दिखाई दी।



# निकल गयी सर्राफों की जान, 80 लाख रुपये का सोना लेकर फरार हुए भाईजान

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** नगर के सर्राफा व्यापारियों की उस समय जान निकल गयी जब सर्राफा कारोबारियों को पता चला कि 80 लाख रुपये की रकम का एक किलो सोना पश्चिमी बंगाल के दो कारीगर लेकर फरार हो गए। दरअसल सर्राफा बाजार के वर्धमान ज्वैलर्स, गौरव वर्मा, जगदीश मोदी, साजन वर्मा, आकाश, सूरज ज्वैलर्स सहित एक दर्जन कारोबारियों ने पश्चिमी बंगाल के रहने वाले दो कारीगरों को सराफत व उसके भाई साजिद उर्फ मेहर अली को नए नए डिजाइन बनाने के लिए कुल एक किलो सोना दिया हुआ था।

हालांकि पुलिस ने कारोबारियों की तहरीर पर इस सोने को 685 ग्राम माना है और मीडिया को यही जानकारी दी है कि 685 ग्राम सोना उक्त दोनों कारीगर जोकि कन्हाईपुर, पोस्ट जागलगोली, थाना नंगीपारा, जिला हुगली पश्चिमी बंगाल के निवासी हैं। उक्त सोना लेकर फरार हो गए। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों सगे भाई पिछले सत्रह साल से कारोबारियों से सोना लेकर जेवरात बनाया करते थे मगर कब दोनों भाईजानों का ईमान खराब हो गया, यह खुद सर्राफा व्यापारियों को नहीं पता चला। सर्राफा व्यापारियों का बताना है कि सराफत और साजिद दोनों ही काफी लम्बे समय से मिमलाना रोड चुंगी नं. 2 पर किराये का मकान लेकर रह रहे थे और दोनों ने शहर के दर्जनों सर्राफों पर बखूबी अपना विश्वास जमाया हुआ था। इसी विश्वास के चलते आज एक दर्जन से अधिक सर्राफा मारे गए। दोनों के फरार होने की सूचना पर महंगाई के दौर में जान निकलती दिखाई दी तो शनिवार को दोनों कारीगरों के विरुद्ध मुकदमा लिखवाकर उनकी तलाश शुरू की गयी। मौके पर पहुंचे सर्राफा व्यापारियों और पुलिस को उक्त दोनों भाईजानों के घर पर ताला लटका मिला और दोनों के मोबाइल बंद आ रहे हैं। मकान पर ताला व मोबाइल बंद आने के बाद व्यापारियों में हड़कम्प मच गया और वे तुरन्त एसएसपी कार्यालय अपनी गुहार लगाने के लिए पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी एसएसपी को दी। उसके बाद पुलिस ने उक्त दोनों कारीगरों से जुड़े एक अन्य कारीगर जाकिर हुसैन से पूछताछ की तो जाकिर हुसैन ने पुलिस को आश्वासन दिया कि वह भागे हुए दोनों भाई सराफत व साजिद को पकड़ने में पुलिस की मदद कराएंगे, क्योंकि उक्त दोनों को सर्राफा बाजार में उसी के माध्यम से कारोबारियों से मिलवाया गया था। सर्राफा बाजार के वरिष्ठ व्यापारियों का बताना है कि उनके सोने की कुल कीमत 80 लाख रुपये है। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत द्वारा 685 ग्राम सोने की रिपोर्ट दर्ज कर इनकी तलाश शुरू कर दी है।

## दिवाली से पहले देसी बम धमाकों से कासगंज में आठ घायल

**कासगंज।** शनिवार को देसी बम के धमाकों से क्षेत्र में दहशत फैला दी। धमाकों से मौके पर भगदड़ मच गई। आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना पटियाली कोतवाली क्षेत्र के किशोरी नगला गांव की है। यहां दिवाली से पहले देशी बम तैयार किए जा रहे थे। इसी दौरान आग की चपेट में आने से बम फटने लगे। भारी मात्रा में बारूद होने से पूरा क्षेत्र धमाकों से दहल गया। मौजूद लोग जान बचाकर भागने लगे। इससे पहले कि लोग वहां से निकल पाते, आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाकों की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस व प्रशानिक अधिकारी पहुंच गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया। दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर स्कूटी चालक छात्रा की मौत

**भोपा, 19 अक्टूबर (बु.)।** शनिवार की सुबह सवेरे भोकरहेड़ी-मोरना मार्ग पर स्कूटी द्वारा कोचिंग क्लास में जा रही छात्रा आयुषी शर्मा ट्रेक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायल को परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर उसके चालक से पूछताछ शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मौहल्ला कुँवापट्टी निवासी 20 वर्षीय आयुषी पुत्री बिजेंद्र शर्मा देहरादून में स्थित कॉलिज की बी.एससी. की छात्रा थी, सुबह सवेरे आयुषी स्कूटी द्वारा मुजफ्फरनगर जा रही थी कि मोरना मार्ग पर गांव छछरौली में वजीराबाद मोड पर वह ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गई। तेज टक्कर लगने से स्कूटी के परखच्चे उड़ गये व हैलमेट पहने आयुषी सड़क पर गिरकर घायल हो गई, उपस्थित ग्रामीणों के अनुसार बार-बार सूचना देने पर भी एम्बुलेंस नहीं आई। मौके पर आये परिजन घायल छात्रा को बेगराजपुर स्थित निजी अस्पताल में ले गये, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आयुषी अपनी ननिहाल भोकरहेड़ी में नाना शिवकुमार शर्मा के साथ रहती थी। आयुषी के पिता बिजेंद्र शर्मा कांधला









क्षेत्र के गांव खंदरावली के निवासी हैं। आयुषी की माता संगीता की मौत हो गई थी, जिसके बाद आयुषी व उसकी बहन विशाखा अपनी ननिहाल में रह रही थी, बड़ी बहन विशाखा की शादी हो चुकी है। आयुषी की मौत से नाना व मामा पंकज, प्रीतवर्धन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका आयुषी के शव का शुक्रतीर्थ श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# दिवाली से पहले पटाखों पर लगातार प्रशासन की छापेमारी के धमाके

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** पिछले पन्द्रह दिनों से लगातार प्रशासन अवैध पटाखा भंडारण पर कार्यवाही करता हुआ दिख रहा है। शनिवार को भी नई मण्डी थाना क्षेत्र में भोपा रोड पर एक मकान में पुलिस ने छापामार कार्यवाही की। उक्त कार्यवाही में पहले तो सुलहनामें की सूचना मिली रही थी मगर बाद में मीडिया के पहुंच जाने पर सवा कुन्तल अवैध पटाखे बरामद दिखाये गए। आपको बता दें कि शनिवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर एक मकान में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया हुआ है और मौके पर एक युवक पटाखे रखने आया है। सूचना पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि उनकी पूरी टीम भोपा रोड पहुंची, जहां साउथ भोपा रोड निवासी अमित गुप्ता उर्फ चुन्नू के घर पर दबिश दी गयी। दबिश के दौरान वहां से अवैध पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने राजीव पाल निवासी अंकित विहार को मौके से हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने अमित गुप्ता का मकान किराये हेतु पटाखे रखने के लिए लिया था। उसके बाद के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और सवा कुन्तल पटाखे भी जब्त कर लिये तथा अंकित विहार निवासी राजीव पाल के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी।



## पटाखा छापामारी में कहीं मनाई तो नहीं जा रही दिवाली

### पटाखा भण्डारण में कई सभासदों के नाम भी शामिल

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** सूत्रों की माने कि लगातार छापामारी का भय दिखाकर प्रशासन और उनसे जुड़े लोग इस आड़ में अपनी सेटिंग गेटिंग करके दिवाली मनाने की तैयारी कर रहे हैं। दरअसल, व्यापारी भी कहां तक नम्बर एक की बिक्री दिखा पाता है। ऐसे में कुछ न कुछ माल वह दायें-बायें अवैध रूप से मकानों में रखता है, जिसकी सूचना आसपास के लोग प्रशासन को अपने नम्बर बढ़ाने के चक्कर में या पटाखे रखे होने का खतरे का अहसास करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचा देते हैं। इसी का लाभ प्रशासन जमकर उठाता है, पिछ्ली कई छापामार कार्यवाही को लेकर प्रशासन पर यही उंगलियां उठती दिखाई दी कि थोड़ा सा माल दिखाने के बाद बाकी का माल कहां गायब हो जाता है यह किसी को पता नहीं चलता। शनिवार को छापामारी के दौरान भी यही सूचना मिली कि उक्त मकान में पकड़ा गया अंकित विहार का युवक तो सिर्फ एक मात्र दिखावे का आरोपी है, इसके पीछे कई सभासदों का हाथ है और उक्त सभासदों ने एक दूसरे के साथ मिलकर इस मकान के अंदर अपनी रकम लगाकर पटाखा लगा रखा था। सूचना पर हड़कम्प मचने के बाद विभिन्न प्रकार की सिफारिशें लगवाकर सिर्फ सवा कुन्तल पटाखा कब्जे में दिखाया गया, बाकी का पटाखा कहां गया और मुख्य आरोपी कहां चले गये पता ही नहीं चला। ऐसे में माना जा रहा है कि छापामारी की आड़ में जमकर अपनी दिवाली मनाई जा चुकी है। अब तो सिर्फ दिखावा मात्र ही रह गया है।

## दबंगों द्वारा छात्र के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

**बुढ़ाना।** तीन दिन पहले कुछ दबंगों ने किसी मामूली सी बात पर एक छात्र के साथ गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर मारपीट की थी और पुलिस में या किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये थे। उधर घायल छात्र के परिजनों ने बुढ़ाना कोतवाली में पहुँचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की थी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कुछ भी कार्यवाही ना होने पर दबंगों के हौंसले बुलंद हो गये थे, जिसके चलते दबंगों ने आज शनिवार के दिन फिर से इकठ्ठे होकर उसी छात्र के साथ मारपीट करने की योजना बनाई, तो किसी के माध्यम से छात्र को इस बात का पता लग गया, तो वह दबंगो के खौफ से किसी तरह से वहां से भाग जाने में सफल रहा, लेकिन फिर भी दबंगों ने छात्र को किसी के माध्यम से फिर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित आज फिर बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और बुढाना पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दबंगों के विरुद्ध शिकायत की। उधर दबंगों द्वारा छात्र के साथ की गयी मारपीट का वीडियो वायरल हो गया। पूरी घटना डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना के बाहर की है।

## दो दिन तीन मौत सहमे ग्रामीण

**मोरना।** मोरना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो दिन में तीन मौत हो जाने से ग्रामीण सहम गये हैं। शुक्रवार की शाम भिड़ाहेड़ी गांव के निकट मोरना-जानसठ मार्ग हुई कार व बाईक की टक्कर में युवक ऋतिक व तुषार निवासी बेहड़ा सादात की मौत हो गई, शनिवार की सुबह आयुषी की मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी डॉ. रवि शंकर मिश्रा ने बताया की दोनों दुर्घटनाएं अलग-अलग रुट पर हुई हैं। अधिक दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित कर सम्बन्धित विभागों को रिपोर्ट की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकने का है।

## राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर मोदी से मिलेंगे उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर 19 अक्टूबर (वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आगामी दिनों में केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों से मिलने के लिए नयी दिल्ली जाएंगे। इससे पहले गुरुवार को मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह करते हुए प्रस्ताव पारित किया। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि श्री अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य का दर्जा उसके मूल स्वरूप में बहाल करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कहा गया कि राज्य का दर्जा बहाल करना एक सुधार प्रक्रिया की शुरुआत होगी, जिसमें जम्मू-कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों को पुनः प्राप्त करना और उनकी पहचान की रक्षा करना शामिल है। मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के समक्ष मामला उठाने के लिए अधिकृत किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा नवनिर्वाचित सरकार की नीति का आधार बना हुआ है।



## बहराइच : मूर्ति विसर्जन विवाद के बाद आरोपियों सहित 23 अन्य के घर नोटिस चस्पा

**बहराइच, 19 अक्टूबर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में महराजगंज बाजार में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसा के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। लोक निर्माण विभाग ने घटना में शामिल आरोपियों सहित 23 लोगों के मकानों पर शुक्रवार देर शाम को नोटिस चस्पा किए हैं। इस नोटिसों में सड़क पर अतिक्रमण कर, किए गए निर्माण को तीन दिनों के भीतर स्वयं तोड़ने का अल्टीमेटम दिया गया है। इस घटना के बाद से, महराजगंज बाजार में दहशत का माहौल है। लोग अपना सामान ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य साधन से निकालने में लगे हैं। ऐसे में वहां रह रहे लोग अपना सामान बचाने के लिए उसे सुरक्षित स्थान की ओर ले जा रहे हैं। शनिवार सुबह से ही बाजार में लोगों की हलचल देखी जा रही है। घटना हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में हुई थी, जहां मूर्ति विसर्जन जुलूस पर पथराव के दौरान हुई फायरिंग में रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से पुलिस ने मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिसों में हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद का घर भी शामिल है।

# अल्टीमेटम के बाद भी सड़कों पर उतरी अवैध ई-रिक्शाएं तो हुआ चालान

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** शुक्रवार को एसपी ट्रैफिक द्वारा अतुल कुमार चौबे द्वारा मीडिया के द्वारा यह सूचना सार्वजनिक रूप से करा दी गयी थी कि रविवार से अवैध ई रिक्शाओं पर लगाम लगाने हेतु बड़ा अभियान चलाया जायेगा, ऐसे में जिनके रिक्शाओं के कागज किसी भी प्रकार से पूरे नहीं हैं, वे अपनी ई- रिक्शाएं जहां वे रात्रि में ले जाते हैं घर अथवा पार्किंग वहीं के वहीं रखें। सड़कों पर उक्त रिक्शाएं उतरेंगी तो इन्हें सीज कर दिया जायेगा। इसी क्रम में आला अधिकारियों के निर्देशों पर दिन निकलते ही अवैध ई-रिक्शाओं के खिलाफ कार्यवाही शुरू हुई, तो हड़कम्प मच गया। कार्यवाही के दौरान डेढ सौ ई- रिक्शाएं पकड़कर सीज की गयी। इन ई- रिक्शाओं में किसी पर कागज न होने, किसी को नाबालिग द्वारा व 65 साल से अधिक बुजुर्गों के द्वारा संचालित किये जाने का कारण रहा। ट्रैफिक पुलिस से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए उक्त अभियान चलाया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा भी यही निर्देश मिले हैं कि पूरे प्रदेश के अंदर ई- रिक्शाओं पर लगाम लगाने के लिए





प्रत्येक प्रकार की व्यवस्था बनाने की जरूरत है, इसी क्रम में आज अभियान चलाया गया है। उक्त अभियान लगातार चलता ही रहेगा।

### भगत सिंह रोड पर नहीं जायेंगी ई रिक्शाएं

**मुजफ्फरनगर।** त्यौहारी सीजन को देखते हुए प्रशासन ने भगत सिंह रोड पर ई रिक्शाओं के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शनिवार से ही यह नियम लागू कर दिया गया है। त्यौहारी सीजन तक यानि भैया दूज तक तो यह प्रतिबंध जारी रहेगा, इसके बाद जैसी भी व्यवस्था प्रशासन की होगी, वह लागू कर दी जायेगी। माना जा रहा है कि त्यौहार के बाद फिर से एक बार कितनी रिक्शाएं भगत सिंह रोड पर आवागमन करेंगी यह प्रशासन तय करेगा।

### शनिवार को भी लगा अव्यवस्थाओं का जाम

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** जैसा कि पहले से ही माना जा रहा था कि त्यौहार सिर पर हैं और अभी ट्रेफिक विभाग द्वारा कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में करवा चौथ से पूर्व जब सुहागिन महिलाएं मेहंदी लगवाने के लिए नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंची तो शहर में ट्रेफिक बढ़ता हुआ दिखाई दिया, एकाएक शहर के अधिकांश हिस्सों झांसी की रानी, भगत सिंह रोड, रेलवे रोड, अस्पताल चौराहा, मीनाक्षी चौराहा आदि पर जाम के हालत बन गये। एकाएक जाम लग जाने से ट्रेफिक विभाग ने अचानक जाम की कमान संभालने के लिए विभिन्न चौराहों पर ट्रेफिक कर्मी उतारे मगर आसानी से जाम नहीं खुल पाया। ट्रेफिक विभाग को इस बात के लिए पहले से ही कई बार विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से आगाह किया जा चुका है कि त्यौहार से पहले ही यदि विभाग द्वारा मुस्तैदी से कोई प्लान न बनाया गया तो आये दिन शहर में इसी प्रकार का जाम रहेगा।

# टायर फटने से बाइक सवार 2 ग्रामीण घायल, एक गम्भीर

**बुढ़ाना, 19 अक्टूबर (बु.)।** अचानक टायर के फटने से तेज रफ्तार एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर घिसटती हुई चली गयी। बाइक पर सवार दोनों ग्रामीण घायल हो गये, जिसमें एक ग्रामीण को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिला शामली के गांव काबड़ौत निवासीगण सत्येंद्र मलिक पुत्र संसार अपने चचेरे भाई हरेंद्र पुत्र इंद्रराज के साथ आज शनिवार के दिन एक बाइक पर सवार होकर अपने गांव काबड़ौत से बुढ़ाना क्षेत्र को निकलकर जिला गाजियाबाद के कस्बा मुरादनगर में अपने ममेरे भाई के पास नये मकान के उद्घाटन पर जा रहे थे। जब वे बुढ़ाना की बायवाला चौकी के पास आए, तो तेज रफ्तार बाइक का अचानक से टायर फट गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर घिसटती चली गयी। जिसमें बाइक पर सवार दोनों ग्रामीण घायल हो गये। आते-जाते लोगों ने इसकी सूचना बायवाला पुलिस चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को दी, तो पुलिस ने तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायल ग्रामीणों को कस्बे के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया और मोबाइल फोन के आधार पर घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दी। उधर डाक्टर ने सत्येंद्र को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया, जहां उसकी हालत गंभीर थी।



# पीडीए की मजबूत ताकत से जीतेंगे मीरांपुर चुनाव: कादिर

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** मीरांपुर विधानसभा उप चुनाव में सपा प्रत्याशी सुम्बुल राणा पुत्रवधु पूर्व सांसद कादिर राणा की चुनावी तैयारी के बीच सपा कार्यालय पर संपन्न बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधू सुम्बुल राणा को प्रत्याशी बनाए जाने पर पूर्व सांसद कादिर राणा का भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व आवास पर मीरांपुर क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। पूर्व सांसद कादिर राणा ने कहा कि समाजवादी पार्टी तथा गठबंधन में शामिल दलों के सभी कार्यकर्ता मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव जीतने के लिए पूरी तरह एकजुट हैं तथा समाजवादी पार्टी में हर जाति वर्ग के कार्यकर्ताओं तथा पीडीए की मजबूत ताकत से पार्टी प्रत्याशी सुम्बुल राणा भारी मतों से चुनाव जीतेगी। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में भाईचारा व विकास करना प्रत्याशी सुम्बुल राणा की अब पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पीडीए की मजबूत ताकत भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ है। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्र व सभी समाजों में चुनावी कमान संभालने के आह्वान के साथ कहा कि मीरांपुर उप चुनाव में पार्टी की जीत प्रदेश में भाईचारे को मजबूत करने के साथ संविधान व आरक्षण बचाने की भी जीत होगी। समाजवादी पार्टी के नूरपुर से विधायक राम अवतार सैनी ने कहा कि भाजपा ने अपनी सरकार में नफरत को बढ़ाने के अलावा कुछ नही दिया मीरापुर चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी की जीत नफरत के खिलाफ भाईचारे को मजबूती देगी। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव राजकुमार यादव, पूर्व मंत्री मुकेश चौधरी, महेश बंसल, श्यामलाल बच्ची सैनी, सत्येंद्र सैनी, विनय पाल सिंह पाल, मौलाना नजर मौहम्मद, स. देवेंद्र सिंह खालसा, वसी अंसारी एड. ने भी संबोधित किया।



# पुलिस ने अवैध शराब के जखीरे से भरी कार पकड़ी

### उपचुनाव के दौरान वितरित होने की आशंका से प्रशासन हुआ अलर्ट, ढाई लाख की अवैध शराब पकड़ी

**भोपा, 19 अक्टूबर (बु.)।** मीरांपुर में उपचुनाव की घोषणा होते ही पुलिस अलर्ट मोड़ पर आ गई है। क्षेत्र के थाना ककरौली पुलिस ने जटवाड़ा चौकी के पास चेकिंग के दौरान कार मे भरी अवैध शराब की पेटियों को जब्त कर कार को कब्जे में ले लिया व कार्रवाई करते हुए दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। ककरौली पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ की गई कार्रवाई के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी डॉ. रवि शंकर मिश्रा ने बताया की आगामी उपचुनाव के दृष्टिगत पुलिस, आबकारी टीम व एफएसटी, एसएसटी टीम सतर्कता अभियान चलाये हुए है। संयुक्त कार्रवाई में ककरौली पुलिस ने जटवाड़ा चौकी के निकट एक मारुती सुजुकी एस एक्स फॉर कार को चेकिंग के इरादे से रोक लिया, तलाशी के दौरान कार से 111 बोतल अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का, 132 बोतल राजधानी अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का, 480 पव्वे अंग्रेजी शराब पंजाब मार्का बरामद की गयी। पुलिस ने फरार होने की फिराक में जुटे अभियुक्त शिवम राजपूत पुत्र संदीप निवासी हरि नगर कॉलोनी कच्ची फाटक थाना मॉडल टाऊन जिला पानीपत, पवन कुमार पुत्र जिले सिंह निवासी गांव दरियापुर थाना मतलौड़ा पानीपत हरियाणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में सेक्टर मजिस्ट्रेट श्यामसुंदर, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदित्य भाटी, आबकारी निरीक्षक विकास चौधरी, एसआई के प्रसाद, दिनेश सिंह, कांस्टेबल देशराज शामिल रहे।







संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

**सम्पादक की क़लम से**

## फिल्मों में नकलचियों की भरमार

फिल्मों में नकलचियों की भरमार है। फिल्मों में नकल का सहारा लेकर महान बनने वालों की सूची बहुत लम्बी है। जिस जमाने में इंटरनेट नहीं था, उस जमाने में चोरी की कहानी पर, चोरी की धुनों पर, चोरी के दृश्यों पर बहुत फिल्में बनी। चोरी का सहारा लेकर कई फिल्मी लेखक, कई संगीतकार, कई निर्देशक महान बन गए, उन्हें आज तक महान समझा जाता है। फिल्म के अलावा आध्यात्मिक क्षेत्र में भी चोरी होती आई है। ओशो, जिन्हें भगवान श्री रजनीश कहा जाता था, उनके समय में भी उनकी पुस्तकों को पढ़कर बनावटी प्रवचनकर्ता खूब मशहूर हुए और आज उनके जाने के 34 साल बाद भी उनकी ऑडियो-वीडियो केसिट सुनकर उनकी पुस्तकें पढ़कर बहुतेरे प्रवचनकर्ता और पाखंडी, संत बने हुए हैं। फिल्म और अध्यात्म के साथ-साथ साहित्य यानी अदब में भी चोरों की भरमार है। स्वचुरित रचनाओं को ऐसे लोग स्वरचित रचना कहते हैं। इंटरनेट से, कम मशहूर शायरों की गजलों को चुराकर पढ़ने वाले आज खूब हैं, कुछ पैसे वाले ऐसे भी हैं, जो पुराने शायरों की सारी गजलों, गीतों, नातों, हम्दों, मनकबतों को नेट से चुराकर थोड़ा फेरबदल करके, अपने नाम से किताब तक छपवा लेते हैं। नकल को लोग कला कहकर नकल का महिमा मण्डन करते हैं। फिल्मों में चोरी या किसी फिल्म की कहानी को खरीदकर फिल्म बनाना आज आम हो चला है। विशुद्ध, मौलिक काल्पनिक कथाएँ आज भी कम हैं पहले भी कम थीं। एफआईआर के लेखक अमित आर्यन ने शोले जैसी फिल्म के लेखकों पर कहानी और दृश्य चुराने के आरोप लगाकर बताया है कि पुराने जमाने के महान कहानीकार भी कहानी चुराया करते थे, हालांकि सलीम-जावेद ने उनके आरोपों का खंडन किया है। अमित आर्यन ने सलीम जावेद को लेकर कहा कि ये दो ऐसे लोग हैं, जिन्हें सारी दुनिया सलाम करती है, लेकिन उन्होंने अपनी सारी जिंदगी कॉपी के अलावा कुछ नहीं किया। सलीम-जावेद कॉपी राइटर हैं, वह असली लेखक नहीं हैं। यह आरोप लगाने वाले अमित आर्यन ने एफआईआर, एबीसीडी, यह उन दिनों की बात है, लापतागंज और डू नॉट डिस्टर्ब जैसी फिल्में लिखीं हैं। सलीम-जावेद के समर्थकों ने अमित आर्यन को लेकर कहा है कि इस बात कि क्या गारंटी है कि इनकी लिखी फिल्में इन्होंने ही लिखी हैं? सलीम जावेद को जंजीर, दीवार, शोले, त्रिशूल, डॉन, क्रांति, शक्ति और मिस्टर इंडिया सहित दर्जनों फिल्मों के लेखक के तौर पर जाना जाता है। अमित आर्यन ने दावा किया कि सलीम-जावेद की लिखी फिल्म शोले, राज खोसला की फिल्म मेरा गांव, मेरा देश की नकल है। इससे पहले भी फिल्म शोले पर आरोप लग चुके हैं कि यह सर्जीव लियोन की फिल्म वंस अपॉन अ टाइम इन द वेस्ट की नकल है। कई लोग 1975 में रिलीज होने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले में जय यानी अमिताभ बच्चन और मौसी यानी लीला मिश्रा के बीच होने वाली बातचीत को नामी उर्दू लेखक इब्ने सफी के नॉवेल खौफनाक इमारत से लिया गया बताते हैं, यह दृश्य किसी ब्लैक एन्ड व्हाइट फिल्म में भी आ चुका है। इस फिल्म के गीत महबूबा महबूबा को किसी ने अरबी गाने की नकल कहा है तो किसी ने इसे अंग्रेजी फिल्म से यू लव मी की नकल बताया गया है। अमित आर्यन ने कपिल के शो को भारतीय कॉमेडी के इतिहास का सबसे घटिया शो भी बताया, उन्होंने शो में की जाने वाली कॉमेडी और जोक्स को अश्लील बताया। एक इंटरव्यू में आर्यन ने कहा कि कपिल शर्मा के शो से घटिया कोई शो ही नहीं है।आप आदमियों को औरतें बना रहे हैं और जो औरतें बनकर आ रही हैं, वो औरतों के नाम पर कलंक हैं, औरत सम्मानित है वो सब उनके सम्मान को ठेस पहुंचा रही हैं। हिंदी सिनेमा में नकल के आरोप नए नहीं है। बहुत सी मशहूर फिल्मों की स्क्रिप्ट से लेकर सीन, डायलॉग, संगीत और गीत सभी पर ऐसे आरोप लगे हैं। कई जानकारों का मानना है कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में नकल बेशर्मी की हद तक घर कर चुकी है और हद तो यह है कि इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती, ऐसी बातों को इंस्पायर्ड कहकर कबूल कर लिया जाता है। एक प्रोफेसर ने दावा किया है कि फिल्म शोले में जो सिक्का उछालने का मशहूर सीन है, वह भी गार्डन ऑफ इविल की कॉपी थी। शाहरुख खान की बाजीगर या अग्नि साक्षी जैसी फिल्मों पर भी स्लीपिंग विद दि एनिमी की नकल होने के आरोप लगे हैं, इसी तरह बरेली की बर्फी फिल्म भी फ्रेंच किस पर आधारित है। अब इंटरनेट का जमाना है। कोई भी सर्च करके नकल पर बनी फिल्म और उसकी असल दोनों के बारे में पता लगा सकता है। इंटरनेट पर खोज करने वाले कहते हैं कि अकीरा कुरोसावा की 1954 की फिल्म सेवन समुराई से प्रभावित होकर भारत में ख़्वाजा अहमद अब्बास ने सात हिंदुस्तानी फिल्म बनाई। इसी पर हॉलीवुड ने दी मैग्नीफिशेंट सेवन बनाई है, जबकि हॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर बीटल बियोंड स्टार्स ने कहा है कि उन्होंने अपनी साइंस फिक्शन फिल्म की प्रेरणा सेवन सामुराई से ली। कॉपीराइट का मामला उस समय सामने आया था, जब फिल्मों की सीडी और डीवीडी बनाई जाती थी और उन्हें गैर कानूनी तौर पर बेचा जाता था। आज इसमें भी छूट है कि किसी फिल्म को अगर आप थिएटर में नहीं देख सकते, तो आप उसे पैसे देकर ऑनलाइन देख सकते हैं यानी बहुत से आउटलेट्स मौजूद हैं। राज कपूर की फिल्म चोरी चोरी,और महेश भट्ट की दिल है कि मानता नहीं, साल1936 में आई फिल्म इट हैपेंड वन नाइट की कहानी पर आधारित हैं। शोधकर्ता यह भी कहते हैं कि फिल्मों की कहानी से ज्यादा फिल्मों के गीत और संगीत में नकल बहुत ही आम है और कई संगीतकार इस मामले में बहुत हद तक बदनाम हैं। कुछ दुनिया छोड़ चुके हैं, इसलिए किसी का नाम नहीं लिखा जा रहा है। फिल्म मधुमती का गीत दिल तड़प तड़प के कह रहा है आ भी जा, पोलैंड के लोकगीत से लिया गया है और यह कल्चरल ट्रांसलेशन है। अब इंटरनेट की वजह से सारी दुनिया के गीत हमारे सामने हैं इसलिए पता चलता है कि बहुत सारे संगीतकारों पर गीत की धुन नकल करने के आरोप सच्चे हैं। ऐसी कई साइट हैं, जिनमें दर्जनों हिंदी फिल्मों का जिक्र है, जो हॉलीवुड फिल्म की रीमेक हैं या फिर उन पर आधारित हैं। स्वरचित और स्वचुरित का भेद, इंटरनेट आने के बाद खुलने लगा है। किसी शायर ने कहा है-

गजल के चोर दुनिया में बहुत आगे निकल आए,
वही पीछे रहा जिसने चुराने में हया की है।

# छपार क्षेत्र में कृषि यंत्रों की चोरी से किसानों में आक्रोश

### बीती रात भी 180 मीटर विद्युत तार चोरी कर ले गए चोर, पुलिस नहीं हो पाई सजग

**छपार, 19 अक्टूबर (बु.)।** खामपुर गांव के जंगल से जा रही विद्युत लाइन के 180 मीटर तार अज्ञात चोरों ने रात्रि में चोरी कर लिए गए। खुड्डा 33 केवी उपकेन्द्र विद्युत अवर अभियंता मनोज कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह ने छपार थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती रात्रि में अज्ञात लोगों द्वारा मोहम्मद आलम पुत्र याकूब निवासी गांव खामपुर के टयूब्वैल पर आ रही विद्युत लाइन के तीन पोल के तार, जिनकी लंबाई लगभग 180 मीटर थी, को अज्ञात चोर रात में चोरी कर ले गए। जेई ने पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग रखी गई। इससे पहले भी छपार थाना क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में किसानों के नलकूपों से चोरी की घटनाएं हो चुकी है। छपार के कुबेरदत्त शर्मा, नकलीराम, कृष्ण प्रजापति आदि के खेतों से जहां कृषि यंत्रों की चोरी हो चुकी है, वही बरला के ब्रजपाल समेत कई किसानों ने भी अपने यहां चोरी की जानकारी छपार पुलिस को दी गई।

छपार थाना क्षेत्र के खोजा नंगला, खुड्डा, खामपुर, भैंसरहेडी, बसेड़ा आदि के दर्जनों किसानों के यहां भी विगत माह चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। कुतुबपुर के किसान की घर से भैंस चोरी समेत कई चोरी की घटनाओं की जानकारी छपार पुलिस को दिए जाने के बावजूद पुलिस अभी तक चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में विफल रही है। पिछले दिनों बसेड़ा के किसानों ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के जनसमस्या निवारण कार्यक्रम में भी पहुंचकर किसानों के खेतों में कृषि यंत्रों की लगातार चोरी की घटनाओं को छपार पुलिस द्वारा गंभीरता से न लेने की शिकायत भी रखी गई थी, लेकिन अफसरों के दिशा निर्देश के बावजूद छपार पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में फेल साबित हो रही है।

## जनसेवा केन्द्र संचालक से बसेड़ा मार्ग पर हुई लूट की घटना का छीना-झपटी में केस दर्ज

**छपार, 19 अक्टूबर (बु.)।** बरला-बसेडा मार्ग पर रात में दो बाइक सवारों द्वारा लूट की घटना को पुलिस ने छीना झपटी की धाराओं में दर्ज किया गया है। बसेडा गांव निवासी अनुज पुत्र मांगेराम बरला गांव में जनसेवा केन्द्र चलाता है। उसके पास एक बैंक की भी आईडी है। बीती रात नौ बजे के लगभग वह दुकान बंद कर बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था। बरला-बसेडा के बीच मांडला पुलिया के पास दो बाइक सवार लोगों ने पीछे से आकर तमंचे के बल पर उसकी बाइक रूकवा ली गई तथा उससे 40 हजार की नगदी समेत सामान की लूट कर ली गई। उक्त घटना की जानकारी पीड़ित ने रात्रि में ही छपार पुलिस को दी गई। सूचना पर सीओ सदर समेत अधिकारी दौड़े लेकिन लूटेरों का सुराग नहीं लग सका। उक्त प्रकरण में छपार थाना पुलिस ने धारा 305/2 के तहत छीना झपटी कर रुपए छीनने का केस दर्ज किया गया। बरला-बसेडा मार्ग पर पहले भी लूट की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस गश्त की पोल भी उक्त लूट की घटना से खुल गई है। पुलिस का कहना है कि लूटेरों की जानकारी का प्रयास किया जा रहा है।

## मीरापुर उपचुनाव में सेक्टर व्यवस्था को फुल प्रुफ बनाने में जुटे अफसर



**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** जिला पंचायत सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के अध्यक्षता में मीरापुर विधानसभा उप निर्वाचन को स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आयोजित कर सुरक्षा और व्यवस्था को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि मीरापुर विधानसभा उप निर्वाचन को स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों को अच्छे से अध्ययन कर उनका पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ने बरती जाए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि 27 अक्टूबर एवं 5,6 और 9 नवम्बर 2024 को मतदान कार्मिको को एसडी पब्लिक स्कूल भोपा रोड में प्रशिक्षण दिया जायेगा। एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, सहित सम्बन्धित सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

## टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने मचाया धमाल, दिखाया दम





**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** नगर के प्रकाश चौक पर स्थित सर्विसेज क्लब में डॉ. सुरेंद्र प्रकाश मैमोरियल अंतर्राष्ट्रीय- 400 पॉइंट टेनिस टूर्नामेंट का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। इस बीच पहले दिन यहां पहुंचे देश-विदेश से आए खिलाड़ियों ने सर्विसेज क्लब के ग्रास कोर्ट पर अपने-अपने मैच खेल कर धमाल मचाया। टूर्नामेंट में फ्रांस के मिजॉन जूलियन और जापान के इनॉए कैनजी ने 6-0 6-0 व 6-1, 6-3 से अपने मैच जीत कर दूसरे राउंड में जगह बनाई। इस बीच खिलाड़ियों ने ग्रास कोर्ट का आनंद लेते हुए इस टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा की गई व्यवस्था की प्रशंसा की। प्रथम दिन खेले गए मैचों में बब्बर अभिषेक ने कुमार अजय को 6-0 6-0, डॉ. सुजीत कुमार ने संजम डिलांन को 7-5 7-5, शालीन भट्ट ने अंकुर सिंह को 6-0 6-0, शिव मोहन शर्मा ने विनीत भाटिया को एक से 6-2 1-6 12-10, राज दत्त ने जोगेंद्र सिंह को 6-3 6-1 और गौतम अभिषेक ने गुरु सिमरन सिंह भुल्लर को 6-2, 6-2 से पराजित किया।

इसके अलावा पवन सूर्य ने राठौर निगम को 6-3, 6-3, अमिताभ सिंह ने आलोक गोयल को 6-1, 6-0, योगेश कोहली ने मनीष कुमार राय को 6-0, 6-0, पवन कपूर ने मनीष को 6-1, 6-0, अवनीश चंद्र रस्तोगी ने केसर सिंह नेगी को 6-1, 6-1, कमरुद्दीन खान ने मनीष शर्मा को 6-3, 6-4, फरीद उस्मानी ने पंकज अहलावत को 6-1, 6-0, तनुज शर्मा ने वर्चस्व तिवारी को 6-0, 6-0 और ऋषि शर्मा ने आदर्शवीर सिंह को 6-1, 6-0 से हराकर मैच जीतने के साथ ही इस टूर्नामेंट में जगह बनाने का काम किया।

## ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट काउंसिलिंग का गठन

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्कूल के हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल तथा स्पोर्ट्स कैप्टन बाय, स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल का चयन विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे भाषण, नेतृत्व, क्षमता, कुशल वक्ता, अनुशासनात्मक दृष्टिकोण, एकेडेमिक तथा व्यक्तित्व को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के डायरेक्टर डा. मनोज कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी द्वारा किया गया, जिसमें हेड बॉय देव भारद्वाज, हेड गर्ल अन्वेष यादव, वाइस हेड बॉय आदर्श सक्सेना, वाइस हेड गर्ल आराध्या त्यागी, स्पोर्ट्स कैप्टन बॉय अक्षित कुमार और स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल युक्ति दयाल का चयन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर, प्रधानाचार्य व कोर्डिनेटर ने छात्र-छात्राओं को उनके कर्तव्य का बोध कराया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

## मीरांपुर में दूसरे दिन भी सूखा, नहीं हुआ कोई नामांकन, आज रहेगा अवकाश

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** मीरांपुर सीट पर होने जा रहे उपचुनाव के सजे राजनीतिक ग्राउंड में अभी अखाड़े में उतरने की रणभेरी के बावजूद कोई भी दिग्गज इस मुकाबले की दावेदारी को लेकर सामने नहीं आया। किसी भी दावेदार ने अपना पर्चा दाखिल नहीं किया। दो दिनों में 35 लोगों ने अपनी तैयारियों के मद्देनजर रिटर्निंग ऑफिसर से पर्चे खरीदे हैं। मीरांपुर विधानसभा सीट पर शनिवार को नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भी किसी दावेदार ने नामांकन पत्र यहां दाखिल नहीं किया। रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने बताया कि जिले में शुरू उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया के बीच शनिवार को दूसरे दिन कोई नामांकन नहीं हो पाया। आज निर्धारित समयावधि में 11 लोगों ने नामांकन स्थल पहुंचकर नामांकन पत्र प्राप्त किए हैं। जिला मुख्यालय पर शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के बीच शनिवार को मुख्य रूप से सपा प्रत्याशी सुम्बुल राणा पत्नी शाह मौहम्मद निवासी सूजडू के नाम से नामांकन पत्र लिया गया। इसके अतिरिक्त छोटे दलों व निर्दल प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किए हैं। अन्य दावेदारों की इस सूची में मानवेन्द्र चौधरी, मौ. फैसल, मौ. याकूब, जाहिर हुसैन, राजेन्द्र कुमार, माधवराम, रजनीश कुमार, जितेन्द्र कुमार, राजेश कुमारी आदि ने भी चुनाव में दावेदारी करने का मन बनाते हुए नामांकन पत्र प्राप्त किया है। शुक्रवार को पहले दिन 24 नामांकन पत्र लिए गये थे। दो दिनों में 35 नामांकन पत्र लिए जा चुके हैं। रविवार को अवकाश के कारण नामांकन प्रक्रिया नहीं होगी।

## सरपंच गोयला ने मेरठ पशु मेले में जीती दो ट्राफी

**शाहपुर, 19 अक्टूबर (बु.)।** निकटवर्ती गांव गोयला के सांड "सरपंच गोयला" को मेरठ सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी के तीन दिवसीय कृषि एवं पशु मेले में जनपद से अकेले दो ट्रॉफी व दो प्रशस्ति-पत्र मिले हैं। सरपंच गोयला को पालने वाले किसान राहुल देवा ने बताया कि चार दांत में अपनी कैटेगरी में मुर्रा सांड, मुर्रा नस्ल में सरपंच गोयला ने ब्रिड चैंपियन तथा अपनी हाइट को लेकर अलग से एक-एक ट्रॉफी और एक-एक प्रमाण-पत्र हासिल किया है। उन्होंने बताया कि मुर्रा नस्ल में बहुत कम उम्र में बहुत अच्छी लंबाई और तंदुरुस्ती को देखकर यूनिवर्सिटी के निर्णायक मंडल ने जनपद मुजफ्फरनगर में अकेले सरपंच गोयला को ही श्रेष्ठ मुर्रा नस्ल का सांड मानते हुए सम्मानित किया है। गांव में आने पर प्रधान धर्मपाल बालियान व सैंकडों ग्रामीणों ने चौधरी करणवीर सिंह व राहुल देवा को घर पर जाकर बधाई दी है। राहुल 2018 से नस्ल सुधार के लिए कार्य कर रहे हैं।

## किसान-मजदूर की समस्याओं को लेकर किसानों ने भरी हुंकार



**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** किसान मजदूर संगठन की आर्य समाज मंदिर में संपन्न बैठक में किसान मुद्दों को लेकर विचार मंथन किया गया। इस दौरान किसानों की इन समस्याओं का समय रहते निदान नहीं होने की स्थिति में संगठन ने बड़े आंदोलन की शासन-प्रशासन को चेतावनी भी दी। शनिवार को आर्य समाज रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में किसान मजदूर संगठन की बैठक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों के कृषि ऋण माफ कराए जाने के साथ गन्ने का इस बार मूल्य 450 रुपए घोषित किए जाने और बुजुर्ग किसान व मजदूरों को 60 वर्ष के बाद 6 हजार रुपए मासिक पेंशन, निजी नलकूपों का माफ कराने और घरों पर प्रीपेड मीटर न लगाए जाने की मांग की। इसके अलावा संगठन ने बेसहारा पशुओं की उचित व्यवस्था, जिले की तहसीलों में गलत अंश निर्धारण सही कराने, शिक्षित बेरोजगारों को सरकार द्वारा नौकरी न मिलने पर 15 हजार रुपए मासिक भत्ता और सभी किसानों और मजदूरों का जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की मांग की।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामी बदमाश गिरफ्तार

**पुरकाजी, 19 अक्टूबर (बु.)।** पुरकाजी पुलिस द्वारा थाना प्रभारी जयवीर सिंह के नेतृत्व में गैंगस्टर में वांछित दस हजार रुपये के इनामी बदमाश इनाम पुत्र नफीस निवासी मौहल्ला मुस्तरक थाना मीरापुर को पुलिस उप निरीक्षक रामसमझ राणा, नवीन कुमार गौतम, कांस्टेबिल राहुल गिरी द्वारा खडकावाला चौराहे से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहा था तथा उस पर पुलिस की ओर से दस हजार रुपये का इनाम घोषित है। अभियुक्त के खिलाफ कई थानों में मुकदमें दर्ज होने के चलते उसका बड़ा अपराधिक इतिहास भी बताया गया है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"खुशियां" "कहानी" "पेड़" "शाख"

**गमगीन कहानी में खुशियां, खुशियों की कहानी में उलझन,**
**जब कोई कहानी चलती है, उसमें भी अलग सी कहानी है।**
**सीधा तो यहाँ पर कुछ भी नहीं, और तय भी कहाँ कुछ होता है,**
**एक पेड़ सरीखा है जीवन, हर शाख से शाख निकलती है।**

**आवश्यकता है**

सैनेट्री की दुकान के लिए एकाउटेंट,मार्केटिंग व हैल्पर के लिए लड़कों की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें-
M: 9737118415
12, बी.पी. बाजार, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

**आवश्यकता है**

घर पर एक सीनियर सिटीजन (बुजुर्ग) की देखभाल के लिए एक लड़के की, जो सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक देखभाल कर सके।

संपर्क -वी.सी. जैन
27, प्रेमविहार जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
M.9997192400
8218922917
9897332511



# सजना के लिए संवरने का क्रेज सिर चढ़कर बोला

## ▸ हथेलियों पर दमके दांपत्य के गाढ़े रंग ▸ मेहंदी पार्लरों पर मध्य रात्रि तक चला काम





**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** सुहागिनों के पर्व पर सजना संवरना भी इस त्यौहार की खास पहचान है। ऐसे में हाथों पर सजी मेहंदी को सुहाग का खास प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि हथेली पर हिना जितनी गहरी रचती है, पति का प्रेम भी उतना ही प्रगाढ़ होता है। ऐसे में आज जहां ब्यूटी पार्लरों पर आपाधापी रही, वहीं इससे भी ज्यादा क्रेज मेहंदी रचवाने को लेकर था। मेहंदी पार्लरों से लेकर गली मुहल्लों में मेंहदी रचाने वाले कलाकारों के पास आज फुर्सत नहीं थीं और महिलाओं को मेहंदी रचवाने के लिए आधी रात से बाद तक भी इंतजार करना पड़ा।

करवाचौथ के सुहाग पर्व पर हथेलियां रचाने को सुहागिनों में गजब का उत्साह नजर आया। परंपरा के अनुसार आमतौर पर घरों में महिलाओं ने एक दूसरे को मेहंदी लगाई लेकिन कुछ अलग और बेहतर की आस में बड़ी संख्या में सुहागिनों ने बाजार का रुख भी किया। शहर में ब्यूटी पार्लरों पर जहां मेहंदी कलाकारों का विशेष इंतजाम था, वहीं शहर में तमाम स्थानों पर सैंकड़ों स्थानों पर लगे पार्लरों में महिलाओं को मेहंदी लगवाने के लिए घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

### ब्यूटी पार्लरों पर घंटों हुआ इंतजार

मुजफ्फरनगर। सुहागिनें इन अनूठे त्यौहार पर सजना के लिए सजने की तैयारियों में दिन भर जुटी रहीं। ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं ने फेशियल, पेडिक्योर, हेयर स्पा तमाम तरह की चीजें करवाईं। हालांकि असली सजने संवरने का दौर कल चलेगा। आज महिलाएं पूर्व की तैयारियों में ब्यूटी पार्लर पहुंचीं तो वहां लगी लंबी कतारों में उन्हें घंटों अपनी बारी की प्रतीक्षा करनी पड़ी। ऐसे में रविवार को तो इन ब्यूटी पार्लरों पर बेहद व्यस्त दिन रहने वाला है, क्योंकि इस दिन ब्यूटी पार्लर संचालकों पर चंद्र दर्शन से पूर्व ग्राहकों को सजाने संवारने का काम पूरा करना होगा। ऐसे में शहर के मुख्य बाजारों से लेकर गली मुहल्लों और घरों तक में खोले गए ब्यूटी पार्लरों के लिए यह दिन साल का सबसे व्यस्त दिन साबित होने वाला है।

### मेहंदी पार्लरों पर भीड़ के बीच रही हिंदू संगठनों की नजर

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** मेहंदी पार्लरों पर आज दूसरे दिन भी संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति की कड़ी नजर रही। विहिप, राष्ट्र सेविका समिति और बजरंग दल आदि संगठनों के पदाधिकारी दिन भर इस मेहंदी पार्लरों पर इस बात को लेकर नजर बनाए रहे कि कहीं पुरुष कलाकार तो मेहंदी के काम में नहीं लगे हैं। हिंदू संगठनों ने करवाचौथ पर नगर में एक दर्जन स्थानों पर विशेष शिविर लगवाए थे। महिलाओं से अनुरोध किया गया था कि वहां कलाकार बहनों से ही वे मेहंदी रचवाएं। हालांकि आज बाजार की मांग के हिसाब से यह व्यवस्था काफी कम साबित हुई। शहर में तमाम स्थानों पर आज महिला कलाकारों द्वारा मेहंदी पार्लर खोले गए थे। इन पर भारी भीड़ सुबह से देर रात तक रही। ऐसे में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी इन पार्लरों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दिन से रात तक भ्रमण करते रहे। इसके साथ ही पुलिस भी अतिरिक्त सतर्कता बरतती नजर आई।

## करवा चौथ के लिए सुहागिनें तैयार

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** सुहागिनों के पर्व करवाचौथ पर नगर में आज तैयारियों के चलते बाजारों में खरीदारी की भारी भीड़ रही।

### बाजार में करवों, पूजा की थाली, सरगई की सामग्री की जमकर बिक्री

इसके चलते उपहार और व्रत की सामग्री की खरीदारी के लिए महिलाएं निकलीं। सुबह सरगई के लिए फेनी, ब्रेड और दूसरी साम्रगी की जमकर खरीदारी हुई। शहर के मुख्य बाजारों में मिट्टी और खांड से बने करवे खरीदने खरीदार उमड़े तो गलियों में फेरी लगाकर करवे बेचने वाले भी घूमते रहे। करवा चौथ की तैयारियां आज पूरी कर ली गईं। शहर के बाजारों में आज इसके चलते भारी भीड़ रही। आम तौर पर सौंदर्य प्रसाधन और चूड़ियों के साथ विवाहिताओं ने जहां अपनी जरूरत की चीजें खरीदीं, वहीं कल निर्जला व्रत के लिए सरगई का सामान भी खरीदा। सामान्यतः करवा चौथ पर महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। इसके चलते सुबह मुंह अंधेरे उठकर वे सरगई के तौर पर दूध में भीगी फीनी, ब्रेड आदि मीठी चीजें खाती हैं। इसके सेवन से दिन में प्यास नहीं लगती। ऐसे में आज मिठाई की दुकानों पर सरगई के सामान की खूब बिक्री हुई। इस व्रत में परिवार के बड़े बुजुर्गों खास तौर से सास व ससुर को उपहार भी पूज कर दिए जाते हैं। इनमें ज्यादातर कपड़े देने का चलन है। ऐसे में पूजन के लिए करवा, पूजन थाली, अन्य पूजा सामग्री के साथ उपहार में देने के लिए कपड़े भी जमकर खरीदे गए। बाजार में पूजा के लिए सजावटी थालियों और करवों की भी खासी बिक्री हुई। खासतौर से नई नवेली दुल्हनों में इस पर्व के लिए खासा उत्साह देखा गया। नव विवाहिताएं पहली करवा चौथ मायके में मनाती हैं। ससुराल पक्ष से बड़े बायना खाने वहां पहुंचते हैं। ऐसे में नवविवाहिताओं के लिए पहली करवाचौथ के क्रेज को समा जा सकता है।

## जिले में चंद्र दर्शन का समय 7.53 बजे

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** करवाचौथ के पर्व पर महिलाएं अपने सुहाग की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं। वहीं युवतियों में अच्छे वर की प्राप्ति के लिए भी व्रत रखने का चलन बढ़ रहा है। इस बार करवाचौथ पर जहां कई सुंदर योग बने हैं, वहीं चंद्र दर्शन के लिए जिले की सुहागिनों को 7.53 बजे तक का इंतजार करना होगा। रविवार का दिन सुहागिनों के लिए तपस्या का

### इस बार करचौथ पर कई शुभयोग होंगे फलदायी

दिन है। ऐसे में दिन भर व्रत और शाम को पूजा अर्चना के साथ रात में चंद्रमा के दर्शन करके ही व्रत खोला जाएगा। वैदिक पंचांग के मुताबिक हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ का पर्व मनाया जाता है। पंडित ब्रज बिहारी अत्री के अनुसार शहर में चांद 7.53 बजे नजर आएगा। करवा चौथ पर पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 20 अक्तूबर को शाम 05 बजकर 46 मिनट से लेकर शाम शाम 06 बजकर 54 मिनट तक रहेगा। शाम 4:30 से 6:00 बजे तक राहुकाल के चलते इस समय से पूर्व या बाद में ही करवा पूजन किया जाना चाहिए। इस बार करवाचौथ पर कई अच्छे योग बन रहे हैं, जो पूजा में की गई मनोकामना पूरी करेंगे। करवाचौथ के दिन गजकेसरी, महालक्ष्मी के साथ शश, समसप्तक, बुधादित्य जैसे राजयोगों को इस पर्व के लिए लिए खास उपयोगी बताया जा रहा है।

## बिजली चोरी की चेकिंग करने गई विद्युत टीम पर हमला, जेई को मारपीट कर किया घायल

**शामली, 19 अक्टूबर (बु.)।** गांव खेड़ी करमू में ग्रामीणों ने विद्युत चेकिंग करने गई टीम पर हमला कर दिया। हमले में विद्युत विभाग के अवर अभियंता गंभीर घायल हो गए। टीम ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। विद्युतकर्मियों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शनिवार सुबह करीब 9 बजे विद्युत वितरण खंड चतुर्थ के अवर अभियंता अजय शर्मा लाइनमैन कर्मवीर, रंजीत, विनोद व अंकुर के साथ गांव खेड़ीकरमू में विद्युत चोरी रोकने व बकाया बिल भुगतान के लिए गए थे। आरोप है कि जब नदीम के घर में विद्युत चेकिंग कर रहे थे उसी समय नदीम व उसके भाई और परिवार की महिलाओं ने विद्युत टीम पर हमला बोल दिया। महिलाओं ने अवर अभियंता पर ईंट से वार कर गंभीर घायल कर दिया और टीम के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस का कहना है अभी तहरीर नहीं मिली है।तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सहारनपुर में हवाई अड्डे का आज पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**सहारनपुर, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** सरसावा में नवनिर्मित नागरिक एयरपोर्ट के उद्घाटन की तारीख एक बार फिर से घोषित हो गई। इस बार उद्घाटन की तारीख पूरी तरह से निश्चित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्तूबर, रविवार को सिविल एयरपोर्ट का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। बता दें, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र पौराणिक नगरी वाराणसी स्थित सिविल एयरपोर्ट को विस्तारीकरण के पश्चात अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया गया है, जहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें आरंभ होंगी। डीएम मनीष बंसल ने बताया कि रविवार को सिविल एयरपोर्ट परिसर में दोपहर 3 बजे से कार्यक्रम आरंभ होकर एक घंटे बाद चार बजे वर्चुअल तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से इसका उद्घाटन करेंगे। हालांकि उड़ान के लिए अभी तक एविएशन कंपनी नहीं आई है, जो उड़ान का संचालन करती है, साथ ही स्थानीय प्रशासन व एयरपोर्ट अधिकारियों के पास भी उड़ान का कोई शेड्यूल प्राप्त नहीं हुआ है। सिविल एयरपोर्ट 65 एकड़ में बनाया गया है, जिसमें बोर्डिंग पास, कैंटीन, यात्री लाउंज और कार्यालय आदि होंगे। एक साथ दो वायुयान खड़े होने के लिए एप्रन बनाया गया है। 50 कारों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी। रुड़की-पंचकूला राष्ट्रीय राजमार्ग-344 पर ग्राम अहमदपुर सरसावा के पास से सिविल एयरपोर्ट तक डिवाइडर के साथ डेढ़ किलोमीटर लंबी फोरलेन सीधी सड़क का निर्माण कराया गया है।

## कड़ी सुरक्षा में सपा नेता आजम की रामपुर कोर्ट में पेशी

**रामपुर, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** गवाह को धमकाने के मामले में कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को शनिवार को तलब किया। वह कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश हुए। वह एक साल से सीतापुर जेल में बंद हैं। जन्म प्रमाणपत्र मामले में सात साल की सजा सुनाए जाने के बाद वह पहली बार वह रामपुर कोर्ट पहुंचे। सपा नेता आजम खां पर 84 मुकदमे कोर्ट में विचाराधीन हैं, इनमें से एक मामला गवाह को धमकाने का भी है। बेरियान निवासी नन्हे ने 17 अगस्त 2022 को शहर कोतवाली में सपा नेता आजम खां समेत छह लोगों के खिलाफ धमकाने का मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि वह डूंगरपुर के एक मामले में वादी है। आरोप है कि कुछ लोग उसके घर आए और सपा नेता के पक्ष में गवाही न देने पर धमकाया। यह मामला फिलहाल एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट द्वारा सपा नेता को पहले 15 अक्तूबर को तलब किया गया था, लेकिन राज्यपाल के आगमन की वजह से वह पेश नहीं हो सके थे। कोर्ट ने अब उनको फिर से शनिवार को तलब किया। बेटे के जन्म प्रमाण पत्र मामले में 18 अक्तूबर को कोर्ट ने उन्हें सात साल की सजा सुनाई थी। तभी से वह सीतापुर जेल में बंद हैं।

## पत्नी की खुदकुशी के 3 घंटे बाद सिपाही ने भी दी जान

कानपुर, 19 अक्टूबर (एजेंसी)। औरैया जिले में पत्नी की खुदकुशी के बाद यूपी पुलिस के सिपाही ने भी जान दे दी। दंपती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, औरैया के मोहल्ला बनारसीदास में शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब एक घर में विवाहिता को पंखे पर फंदे से लटकता देख ससुरालीजन जिला अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मायके और ससुरालियों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोपहर ढाई बजे के करीब रायबरेली में तैनात महिला के सिपाही पति का शव भी फंदे पर मिलने की सूचना मिली। तीन घंटे के अंतराल में दंपती की मौत से सभी आहत हैं। मायके पक्ष और ससुरालियों के आरोपों से दंपती के बीच कलह की बात सामने आई। मोहल्ला बनारसीदास निवासी संतोषी (26) शुक्रवार सुबह ससुराल में घर पर थी। इसी बीच साढ़े 11 बजे के बीच घर में चीख-पुकार मची तो पड़ोसी भी पहुंचे, कमरे में फंदे से लटक रही संतोषी को किसी तरह परिजनों ने उतारा। सांसें चलती देख मोहल्ले के लोगों के सहयोग से ससुरालीजन संतोषी को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

## महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर एमवीए में घमासान!

**मुंबई 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में एक महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है। इसी को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। हालांकि, राज्य में सीट बंटवारे को लेकर महा विकास अघाडी में सबकुछ सही नहीं लग रहा है। यहां, उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना और कांग्रेस के बीच तनातनी दिखाई दे रही है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत का कहना है कि उनकी पार्टी और शरद पवार नीत एनसीपी (एसपी) के बीच सीटों के बंटवारे पर बातचीत खत्म हो गई है। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की तीसरी सहयोगी कांग्रेस पर निशाना साधा है। वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का कहना है कि राउत के नेता उद्धव ठाकरे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में यहां एक बार फिर एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला होने की उम्मीद है।

## आदिवासी महिला ने पीएम मोदी को भेजे 100 रुपये, पीएम बोले- यह मुझे काम करने के लिए प्रेरित करता है



**नई दिल्ली।** ओडिशा की एक आदिवासी महिला की ओर से सम्मान स्वरूप भेजे गए 100 रुपये की भेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभिभूत कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति का यही आशीर्वाद मुझे विकसित भारत के लिए अधिक से अधिक काम करने की प्रेरणा देता है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांड्या ने एक्स पर एक पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने लिखा कि जब वह भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक आदिवासी महिला से मिले तो उस महिला ने उनको 100 रुपये दिए। आदिवासी महिला ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद स्वरूप 100 रुपये भेंट करने के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से कहा। जब राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मना किया तो महिला ने उनकी सारी बातों को नकार दिया और धन्यवाद ज्ञापित करने पर अड़ी रही। इस पोस्ट के साथ बैजयंत पांड्या ने लिखा कि यह उस परिवर्तन का एक प्रतिफल है जो भारत और ओडिशा अनुभव कर रहा है। एक्स पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की पोस्ट को साझा करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि मैं इस स्नेह से बेहद प्रभावित हुआ। मैं हमेशा मुझे आशीर्वाद देने के लिए नारी शक्ति को नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद मुझे विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करते रहने के लिए प्रेरित करता है।

## गश्त से लौट रहे जवानों पर नक्सलियों का हमला, आईईडी ब्लास्ट में दो जवान बलिदान

**छत्तीसगढ़, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के मोहंदी में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है। इस ब्लास्ट में आईटीबीपी यानी इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो जवान बलिदान हो गए। अन्य दो की हालत सामान्य है। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए रायपुर एयर लिफ्ट किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के ओरछा, मोंडी एवं एरठभट्टी से तिब्बत सीमा सुरक्षा बल, सीमा सुरक्षा बल एवं जिला रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त पार्टी नक्सली अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुए थे। वापसी के दौरान दोपहर ग्राम कोडलियर के पास जंगल में बारूदी सुरंग के चपेट में आने से तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के दो जवान अमर पनवार (36) महाराष्ट्र और के राजेश (36) आंध्रप्रदेश के रहने वाले हैं। घायल जवानों को बेहतर इलाज के रायपुर रवाना किया गया।

## 23 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करेंगी प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** वायनाड लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा 23 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करेंगी। इससे पहले वह लोकसभा में विपक्ष के नेता और अपने भाई राहुल गांधी के साथ रोड शो करेंगीं। रोड शो का समापन कलक्ट्रेट वायनाड पर होगा। इसके बाद प्रियंका गांधी वाड्रा नामांकन पत्र जमा करेंगी। बता दें कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के सीट छोड़ने के बाद वायनाड में उपचुनाव हो रहे हैं। यहां से कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाया है।

## आर्थिक तंगी के चलते ट्रेन के आगे कूद गए सगे भाई

**मथुरा, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** मथुरा में आर्थिक तंगी से परेशान दो भाइयों ने शुक्रवार देर रात ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। उनकी बाइक ट्रैक के पास खड़ी मिली। खबर मिली तो घरवाले रोते बिलखते पहुंच गए। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घटना छाता थाना क्षेत्र के बिलौठी गांव स्थित रेलवे फाटक के समीप की है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार त्यागी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे बिलौठी कट रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर ट्रैक के पास बाइक मिली। बाइक के नंबर के सहारे छानबीन में पता चला कि बाइक सौंख की है। इस आधार पर दोनों लोगों की शिनाख्त महेश अग्रवाल उर्फ टीटू (38) व सौरभ अग्रवाल (32) निवासी-गोविंद धाम कॉलोनी गोवर्धन रोड, थाना हाईवे के रूप में हुई। दोनों भाई मूलरूप से दामोदरपुरा थोक, सौंख के निवासी थे। दोनों पिछले कुछ वर्षों से मथुरा में रह रहे थे। यहां से नमकीन, चिप्स आदि की सप्लाई करते थे। दोनों शुक्रवार शाम करीब छह बजे घर से बाइक लेकर निकले थे। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मथुरा भेज दिया गया। भतीजे पवन ने बताया कि उनके दोनों चाचा आर्थिक तंगी से परेशान थे। इसकी कारण उन्होंने अपनी जान दे दी।

## नोएडा में 11वीं मंजिल से गिरी युवती

**नोएडा, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** नोएडा स्थित थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के सेक्टर 134 में स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में काम करने वाली एक घरेलू सहायिका ने शनिवार को 11वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मूल रूप से जनपद बंदायू की रहने वाली स्वाति उम्र 18 वर्ष जेपी कॉसमॉस सोसायटी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर पर घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। शनिवार को उसने 11वीं मंजिल से नीचे छलांग लगा दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजन मौके पर मौजूद है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी। मृतक लड़की की मां ने ने आरोप लगाया है कि आज पैसे के लिए मेरी बेटी का मालिक से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद मालकीन ने मेरी बेटी को 11वें फ्लोर से धक्का दे दिया।

## बैंक से 31 लोगों ने की एक करोड़ की धोखाधड़ी

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली की अंकित विहार शाखा से 31 लोगों द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये से ज्यादा का लोन लेकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्रबंधक राजेन्द्र कुमार द्वारा मंडी कोतवाली को जानकारी देते हुए बताया गया कि वहलना, सूजड़ू, बरवाला, रामपुर आदि के दर्जनों लोगों सहित 31 लोगों ने क्रेडिट कार्ड पर लोन लेकर लगभग एक करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा किया है, उक्त मामला 2016 2017 के बीच किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर किया गया। बाद में जब मामले की जांच हुई उक्त क्रेडिट कार्ड बनवाने के दौरान फर्जी आईडी लगाई गई थी। शाखा प्रबंधक राजेन्द्र कुमार द्वारा कोर्ट की मदद से उक्त मामले में मुकदमा लिखवाया गया। पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

## आसमान में 600 ड्रोन से उकेरेंगे श्रीराम की आकृति

**मुरादाबाद, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** दिवाली से पहले ही पीतलनगरी रोशनी से जगमग होगी। नगर निगम की ओर से इस बार 27 अक्तूबर को भव्य दीपोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। शहर के आठ स्थानों पर पांच लाख से अधिक दीये जलाए जाएंगे। इसके साथ ही नगर निगम की ओर से भव्य ड्रोन शो भी आयोजित होगा। इसमें 600 ड्रोन की मदद से आसमान में अयोध्या की तरह ही भव्य रामलीला के प्रसंगों की झलकियां दिखाई जाएंगी और आसमान में ही श्रीराम की आकृति उकेरी जाएगी। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि दीपोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## करवा चौथ पर महिला आयोग की अध्यक्ष का सुहागिनों को तोहफा

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** करवाचौथ के पर्व से पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने उन महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया जो खुद जेल में निरुद्ध हैं या उनके पति जेल में बंद हैं। आयोग की अध्यक्ष ने सभी जिलाधिकारियों के नाम जारी अपने आदेश में इन महिलाओं को करवा चौथ पर उनके पति के साथ पर्व मनाने की व्यवस्था करने के आदेश दिये हैं। ऐसी महिला महिलाएं किन्हीं आरोपों में कारागार में बंद हैं, वे अपने पति के दर्शन कर करवा चौथ मना पायेंगी। जेल में निरुद्ध पुरुष बंदियों को भी करवा चौथ पर पत्नियों के साथ चंद्र दर्शन कर व्रत खुलवाने की व्यवस्था करने के आदेश उक्त पत्र में दिये गये हैं। सभी जिलाधिकारियों को इस पर्व को लेकर कारागार प्रशासन से उनकी व्यवस्था कराने के लिए कहा गया है।

## पति ने रात्रि में सोती हुई पत्नी पर गंडासे से वार कर हत्या का प्रयास किया, मुकदमा



**मीरापुर, 19 अक्टूबर (बु.)।** सम्भलेहड़ा में एक व्यक्ति ने रात्रि में बिस्तर पर सोयी हुई अपनी पत्नी पर निर्ममता से गंडासे से कई वार गंभीर रूप से घायल कर मरणासन्न हालत में पहुँचा दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने आरोपी को मौके से ही पकड़ लिया तथा घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहाँ से उसे गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। पीड़िता के चाचा ने आरोपी दामाद के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी नाहिद पुत्री जान मौहम्मद का निकाह करीब 11 वर्ष पूर्व मीरापुर क्षेत्र के गांव सम्भलेहड़ा निवासी जीशान पुत्र याकूब के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही जीशान अपनी पत्नी नाहिद के साथ बिना वजह मारपीट करता था, जिसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी, जिसमें बार बार माफी मांगने पर नाहिद के परिजन कोई कार्यवाही नहीं करते थे। इस दौरान नाहिद को चार बच्चे भी हुए, किन्तु आरोप है कि इसके बावजूद भी जीशान का व्यवहार नहीं सुधरा तथा वह छोटी-छोटी बात पर नाहिद के साथ मारपीट करता आ रहा है। शुक्रवार की देर शाम किसी बात को लेकर जीशान ने अपनी पत्नी नाहिद के साथ गाली गलौज की, जिसके बाद नाहिद अपने कमरे में जाकर सो गई। आरोप है कि इसके बाद रात्रि में करीब 2 बजे जीशान अपने हाथ में गंडासा लेकर कमरे में पहुँचा तथा बिस्तर पर सो रही अपनी पत्नी नाहिद की हत्या करने के इरादे से उस पर गंडासे के कई वार करते हुए हमला कर दिया। हमले में घायल नाहिद की चीख सुनकर उसके बच्चों की आंख खुल गयी, तो बच्चों की चीख निकल पड़ी, जिसके बाद मौके पर अन्य परिजन भी आ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच गयी तथा आरोपी पति जीशान को मौके से ही पकड़ लिया तथा घायल नाहिद को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। उसके परिजन भी मौके पर पहुँच गए। वहीं चिकित्सकों ने गंभीर हालत में उसे मेरठ रैफर कर दिया, जहाँ वह जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही है। घायल नाहिद के चाचा ताहिर पुत्र जमशेद ने आरोपी दामाद के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है।

## देवबंद में घर में एक के बाद एक 10 सिलिंडर फटने से दहशत

**देवबंद, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** कोतवाली क्षेत्र के तल्हेड़ी बुजुर्ग में पनियाली मार्ग पर एक मकान में रखे गैस सिलिंडरों में जबरदस्त विस्फोट हो गया। इससे मकान में भीषण आग लग गई। धमाका इतना तेज था कि कई गांवों में इसकी आवाज सुनी गई। इतना ही नहीं विस्फोट से घर की दीवार और लिंटर भी टूट गया और कई गैस सिलिंडर दूर खेतों में जाकर गिरे। हादसे में एक ग्रामीण झुलस गया। तल्हेडी बुजुर्ग के पनियाली मार्ग पर स्व. नूर हसन का मकान है। इसमें पांच परिवार रहते हैं। नूर हसन के बेटे नदीम, कलीम, नईम, वसीम और मुकर्रम ने घर के बाहर फास्ट फूड और मुर्गे की दुकान खोली हुई है। शनिवार को घर में रखे गैस सिलिंडरों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते इनमें विस्फोट होने लगे। बताया गया है कि परिवार का एक सदस्य गैस सिलिंडर सप्लाई का काम करता है।

## एक्यूआई पहुंचा 300 के पार

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** राजधानी में सर्दी शुरू होने से पहले ही हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को सांस लेने में और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अक्षरधाम और आसपास के इलाकों में धुंध की एक परत छा गई है। जिससे इलाके का एक्यूआई 334 तक पहुंच गया है। जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है।

## शनिवार को 30 फ्लाइट्स को मिली बम की सूचना

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी शनिवार के दिन देखी गई है, जानकारी के मुताबिक सिर्फ शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों में बम की धमकी मिली है। फिलहाल नागरिक उड्डयन मंत्रालय एयरलाइनों को बम की झूठी धमकी देने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें ऐसा करने वालों को नो-फ्लाई सूची में डालना भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को विस्तारा, एयर इंडिया और इंडिगो समेत कई भारतीय एयरलाइनों की 30 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और एलायंस एयर के विमानों को धमकियां मिली हैं। वहीं इस हफ्ते अब तक भारतीय एयरलाइनों की कम से कम 70 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है और उनमें से अधिकांश फर्जी साबित हुईं।

## महिला ने लगाया ग्राम प्रधान व तीन अन्य पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**जानसठ, 19 अक्टूबर (बु.)।** शनिवार को गांव गढ़ी जानसठ निवासी एक महिला ने ग्राम प्रधान में अन्य तीन पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाया। उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती-पत्र देकर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। शनिवार को क्षेत्र के गांव गढ़ी जानसठ निवासी महिला फरीन पत्नी आस मोहम्मद ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती-पत्र दिया। उसने शिकायती-पत्र देकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ गांव में रहती है। गांव का ग्राम प्रधान जावेद उर्फ बबलू पुत्र इस्लाम और आकिल व जहिर पुत्रगण भूरा उसपर बुरी नजर रखते हैं। वह लोग उसके घर के बाहर कुर्सियां डालकर उस पर गंदी-गंदी फब्तियां कसते हैं। उसने बताया कि बृहस्पतिवार को उसने इन लोगों की शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर की थी। शिकायत करने के बाद शुक्रवार को यह तीनों लोग अहतेशाम पुत्र आकिल को साथ लेकर उसके घर में घुस गए। घर में घुसकर इन चारों ने उसके साथ मारपीट व गाली-गलौच की। विरोध करने पर इन्होंने महिला को जान से मारने की धमकी देकर उसके घर से बाहर निकाल दिया। महिला ने शिकायती-पत्र में बताया कि मेरे द्वारा पुलिस को फोन करने पर पुलिस ने आकर इन लोगों को घर से बाहर निकाला। महिला ने एसएसपी से चारों लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि इस तरह का कोई शिकायती-पत्र अभी नहीं मिला है। ग्राम प्रधान जावेद उर्फ बबलू ने बताया कि मेरा इस महिला से कोई लड़ाई झगड़ा नहीं है। इनके परिवार की आपस की लड़ाई है। मुझे नहीं पता महिला ने मेरा नाम क्यों लिखाया है।

## सड़क चौड़ीकरण कार्य को भाकियू अराजनैतिक ने रुकवाया, बुलडोजर पर किया कब्जा

**चरथावल, 19 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में नाला निर्माण किए बिना सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू करने की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नेताओं ने मौके पर पहुंचकर कार्य को रुकवाया तथा चेतावनी दी कि अगर बिना नाला निर्माण किए बिना कार्य शुरू किया, तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक आंदोलन करेगी। चरथावल कस्बे में पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा चरथावल कस्बे में बिना नाला निर्माण किए बिना ही सड़क चौडीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अंकित चौधरी के नेतृत्व में चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष ठा. कुशलवीर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान के नेतृत्व में नगरवासियों ने सड़क चौड़ीकरण के काम को रुकवा दिया तथा चेतावनी दी कि पहले सड़क पर नाले का निर्माण करा जाए, तब सड़क का चौड़ीकरण का कार्य किया जाए। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के लोगों ने बुलडोजर पर अपना कब्जा जमा लिया तथा चेतावनी दी कि अगर बिना नाला निर्माण किए बिना कार्य शुरू किया, तो भारतीय किसान अराजनैतिक आंदोलन करेगी।

## स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटा सकती है केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** जीवन बीमा प्रीमियम और सीनियर सिटीजन के स्वास्थ्य बीमा को लेकर बड़ा अपडेट आया है। केंद्र सरकार टर्म जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में जीएसटी छूट दे सकती है। राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल के अधिकांश सदस्यों ने आम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए करों में कटौती का समर्थन किया है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने के लिए मंत्री समूह की शनिवार को बैठक हुई। जिसमें जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए पांच लाख रुपये तक के कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया गया। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। फिलहाल पांच लाख रुपये से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा। इस समय टर्म पॉलिसी और फैमिली फ्लोटर पॉलिसी के लिए भुगतान किए गए जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लग रही है। बैठक में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि, जीओएम के सदस्य बीमा प्रीमियम पर दरों में कटौती के लिए व्यापक रूप से सहमत हैं। अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा।

## प्रमाणपत्र बनवाने को लेकर धनगर समाज का प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 19 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में धनगर जाति के प्रमाण पत्रों को लेकर जारी विरोध थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को सदर तहसील में इसी मुद्दे को लेकर उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब धनगर समाज के लोग अपने प्रमाण पत्र बनवाने को तहसीलदार राधेश्याम गौड के पास पहुंचे। तहसीलदार द्वारा हाथ खड़े कर दिए जाने पर वहां हंगामा शुरू हो गया। इस बीच धनगर समाज ने अधिकारियों पर समाज की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। आरोप प्रत्यारोप के बीच अफसरों के समझाने के बाद में हंगामा शांत हुआ। शनिवार को अखिल भारतीय धनगर समाज महासंघ जिला अध्यक्ष रवि कुमार के नेतृत्व में सदर तहसीलदार राधेश्याम गौड से मुलाकात की और पूर्व में डीएम को सौंपे पत्र के अनुरूप धनगर समाज के प्रमाण पत्र निर्गत न होने पर नाराजगी व्यक्त की। इस बीच किसी बात को लेकर दोनों ओर से आरोप-प्रत्यारोप का क्रम शुरू होने से वहां हंगामा खड़ा हो गया। सदर तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों को समझाया कि सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन होने से गतिरोध बना हुआ है, जो कोर्ट के आदेश से ही शुरू किया जा सकेगा, लेकिन धनगर समाज के लोग मानने को तैयार नहीं हुए। घंटों की मशक्कत के बाद अधिकारियों के प्रयासों से बामुश्किल हंगामा कर रहे धनगर समाज के लोग शांत हुए तब यह मामला शांत हुआ, तब कहीं जाकर राहत मिली। बता दें, इस मुद्दे को लेकर धनगर समाज लंबे समय से आंदोलनरत है, लेकिन कोर्ट की ओर से रोक लगाए जाने से सब कुछ प्रभावित है। हालांकि पूर्व में कुछ लोगों के धनगर जाति के प्रमाण पत्र जारी होने से उक्त लोग अनुसूचित जाति का लाभ पा चुके हैं।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की नई अध्यक्ष होंगी विजया रहाटकर

**नई दिल्ली,19 अक्टूबर (एजेंसी)।** विजया रहाटकर राष्ट्रीय महिला आयोग की नई अध्यक्ष नियुक्त की गई हैं। रहाटकर इससे पहले 2016 से 2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सामाजिक कार्यों में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, अर्चना मजूमदार को राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग का मकसद महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना, उनके खिलाफ हो रहे भेदभाव और हिंसा को समाप्त करना और उन्हें सभी क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान करना है।

## बकरा-बकरी चोरी की घटना का खुलासा

**चरथावल, 19 अक्टूबर (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम न्यामू में हुई बकरा-बकरी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए शनिवार को हिंडन नदी के पुल के पास से चैकिंग के दौरान कार सवार दो चोरों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनका तीसरा साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मारुति कार के साथ साथ चोरी की गई बकरा-बकरी व एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थानाक्षेत्र के ग्राम न्यामू से कुछ दिन पूर्व चोरी हुए बकरा-बकरी को कुछ लोग मारुति कार में डालकर बेचने जा रहे हैं। सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में हिंडन चौकी प्रभारी संदीप कुमार, उपनिरीक्षक विनीत चौधरी, कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल सोनवीर सिंह आदि पुलिस फोर्स के साथ हिंडन नदी पुल पर चैकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस ने बकरा-बकरी बेचने जा रहे कार सवार चोरों को पकड़ लिया। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम आसिफ पुत्र मौहम्मद व नोशाद पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम सुजडू थाना खालापार बताया, वहीं एक आरोपी जावेद निवासी खालापार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए बकरा-बकरी, आल्टो कार व तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों को जेल भेज दिया है।

## योगी ने क्लीन स्वीप के लिए प्रभारी मंत्रियों को दिया मंत्र

**लखनऊ, 19 अक्टूबर (एजेंसी)।** प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री, जिलों के प्रभारी मंत्री और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उपचुनाव को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ और रणनीतियां तैयार की गईं। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 9 सीटों पर उपचुनाव को जीतने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित किया।

बैठक के दौरान मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। यह भी तय हुआ कि उपचुनाव में पार्टी का कोई भी नेता अपने निर्धारित क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कोई कमी न छोड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए। सीएम योगी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और जमीनी स्तर पर लोगों के बीच जाकर चौपाल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए जिससे लोगों का विश्वास पार्टी में बढ़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्यप्रताप शाही समेत राज्य के कई वरिष्ठ मंत्री और प्रभारी मंत्री समेत भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

